हरिभूमि

गुना-राजगढ़-अशोकनगर भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 27 सितंबर 2026

04 विद्यार्थियों, नगरवासियों ने उत्साह के साथ किया सामूहिक वंदे मातरम्...



07 क्षमा का अर्थ है भूलों पर ध्यान न देना, गुणों की ओर दृष्टि रखना व...



समाचार संक्षेप

पिपलेश्वर महादेव मंदिर में आज होगा गीता स्वाध्याय एवं चिंतन-मनन

गुना। विश्वगीता प्रतिष्ठानम् उज्जयिनी की स्थानीय इकाई 'गीता संस्कृत स्वाध्याय मण्डल, गुना' के तत्वावधान में रविवार, 27 सितंबर 2026 को महर्षि वेदव्यास पुरम क्षेत्र अंतर्गत रेलवे स्टेशन के समीप स्थित पिपलेश्वर महादेव मंदिर में गीता स्वाध्याय सत्संग कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम अपराह्न 4:30 बजे से प्रारंभ होगा। इस अवसर पर श्रीमद्भगवद्गीता के विश्वरूप दर्शन योग नामक ग्यारहवें अध्याय के श्लोक क्रमांक 1 से 11 तक का सस्वर पाठ किया जाएगा। साथ ही श्लोकों की व्याख्या एवं उनके आध्यात्मिक भावों पर चिंतन-मनन किया जाएगा। कार्यक्रम के यजमान नरेश व्यास ने बताया कि गीता स्वाध्याय के माध्यम से श्रद्धालुओं को श्रीमद्भगवद्गीता के ज्ञान, अध्यात्म एवं जीवनोपयोगी संदेशों को समझने का अवसर मिलेगा। आयोजकों ने नगर के समस्त धर्मप्रेमी बंधुओं, श्रद्धालुओं एवं गीता अनुरागी परिवारों से सपरिवार कार्यक्रम में उपस्थित होकर सत्संग एवं गीता स्वाध्याय का लाभ लेने का अनुरोध किया है।

गायत्री शक्ति पीठ में सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान अनुष्ठान शुरू

गुना। पितृपक्ष के प्रथम दिन शनिवार को शहर स्थित गायत्री शक्ति पीठ में पूर्वजों की आत्मशांति एवं सद्गति के लिए सामूहिक तर्पण एवं पिंडदान का विशेष अनुष्ठान विधिवत प्रारंभ हुआ। आयोजन के पहले ही दिन बड़ी संख्या में श्रद्धालु गायत्री शक्ति पीठ पहुंचे और श्रद्धापूर्वक अपने पितरों का स्मरण करते हुए तर्पण की प्रक्रिया संपन्न की। गायत्री शक्ति पीठ के सहायक प्रबंधक अशोक शर्मा ने बताया कि गायत्री परिवार ट्रस्ट, गुना के तत्वावधान में आयोजित यह 16 दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान पूर्णतः निःशुल्क है। शनिवार को सुबह 8 बजे से अनुष्ठान का शुभारंभ हुआ। इसमें आम नागरिकों के साथ पूर्व एवं वर्तमान सैनिकों, विभिन्न विभागों के अधिकारियों तथा समाजसेवियों ने भी सहभागिता की। आयोजन के प्रथम दिन पितरों के साथ देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले अमर शहीदों की आत्मशांति एवं सद्गति के लिए भी विशेष रूप से तर्पण एवं आहुतियां अर्पित की गईं। श्रद्धालुओं ने देश के लिए बलिदान देने वाले वीर सपूतों को श्रद्धापूर्वक स्मरण किया।

वरिष्ठ नागरिक दिवस पर कायस्थ समाज के वरिष्ठजनों का सम्मान

गुना। वरिष्ठ नागरिक दिवस के अवसर पर श्री चित्रगुप्त मंदिर न्यास समिति, गुना द्वारा कायस्थ समाज के वरिष्ठजनों के सम्मान में विशेष समारोह का आयोजन किया जा रहा है। समारोह में समाज के 75 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ नागरिकों को सम्मानित किया जाएगा। न्यास समिति ने कहा कि वरिष्ठजन समाज की अमूल्य धरोहर हैं। उन्होंने अपने जीवन के अनुभव, ज्ञान, संस्कार और सेवाभाव के माध्यम से परिवार एवं समाज को दिशा देने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। उनके अनुभव और मार्गदर्शन से नई पीढ़ी को निरंतर प्रेरणा मिलती है। ऐसे में वरिष्ठजनों का सम्मान करना समाज की सामाजिक एवं नैतिक जिम्मेदारी है।

धूमधाम और ढोल-नगाड़ों के साथ बप्पा को दी विदाई

राघौगढ़। अनंत चतुर्दशी के पावन अवसर पर राघौगढ़ क्षेत्र में गणेश विसर्जन का पर्व असीम श्रद्धा, उत्साह और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। ढोल-नगाड़ों की गूंज, भव्य आतिशबाजी और दर्जनों आकर्षक झांकियों के साथ श्रद्धालुओं ने गणपति बाप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयघोष लगाते हुए भगवान श्री गणेश को नम आंखों से विदाई दी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री गणेश मेर युवा सार्वजनिक सेवा समिति राघौगढ़ द्वारा श्री राधा बिहारी मेर समाज मंदिर में भगवान श्री गणेश जी की भव्य झांकी स्थापित की गई थी। उत्सव के दौरान प्रतिदिन समिति द्वारा सम्मानीय अतिथियों का स्वागत-सत्कार किया जाता था और शाम को संगीतमय आरती का आयोजन होता था। अनंत चतुर्दशी के दिन समिति द्वारा एक विशाल एवं भव्य विसर्जन चल समारोह निकाला गया। समिति के अध्यक्ष प्रशांत मेर ने बताया कि यह शोभायात्रा श्री राधा बिहारी मेर समाज मंदिर से प्रारंभ होकर लालपुरा होते हुए धीरपुर तालाब पहुंची। चल समारोह में बड़ी संख्या में माताएं-बहनें, बच्चे, बुजुर्ग और समाजजन झूमते-गाते शामिल हुए।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिंध नदी में डूबा 23 वर्षीय युवक

अगले दिन एनीकेट के पास बरामद हुआ शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

अनंत चतुर्दशी के अवसर पर गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिंध नदी में डूबने से एक 23 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान प्रदीप बुनकर पिता मनोज बुनकर (23), निवासी शाढ़ौरा, जिला अशोकनगर के रूप में हुई है। हादसा गुना और अशोकनगर जिले की सीमा पर स्थित सिंध नदी में हुआ।

मिली जानकारी के अनुसार, प्रदीप अपने कुछ दोस्तों के साथ मोटरसाइकिल से गणेश प्रतिमा



विसर्जन के लिए सिंध नदी पहुंचा था। बताया जा रहा है कि शाढ़ौरा स्थानीय प्रशासन द्वारा श्रद्धालुओं की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए विसर्जन के लिए एक निर्धारित स्थल तय किया गया था, लेकिन युवक और उसके साथी वहां न जाकर नदी के दूसरे हिस्से में चले गए। बताया गया कि शाम करीब 5 बजे प्रतिमा विसर्जन के दौरान अचानक संतुलन बिगड़ने से प्रदीप गहरे पानी में चला गया और देखते ही देखते डूब गया। घटना की जानकारी मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और युवक की तलाश के लिए रेस्क्यू अभियान शुरू किया गया।

रात में रोका गया रेस्क्यू अभियान

अंधेरा होने के कारण जल पुलिस एवं गोताखोरों द्वारा चलाया जा रहा रेस्क्यू अभियान रात करीब 9 बजे रोकना पड़ा। इसके बाद अगले दिन सुबह से पुनः गहन तलाशी अभियान शुरू किया गया।

तलाशी के दौरान घटनास्थल से करीब 20 से 30 मीटर दूर एनीकेट के पास युवक का शव बरामद कर लिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी है। हादसे की खबर के बाद शाढ़ौरा क्षेत्र में शोक का माहौल है और परिवार में मातम पसरा हुआ है।

शुभम गौड़ का राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता के लिए चयन

गुना। जिला बास्केटबॉल संघ गुना के सचिव अतुल लुंबा के अनुसार, स्थानीय खेल क्षेत्र में निरंतर सक्रिय शुभम गौड़ को एक बार फिर राष्ट्रीय स्तर की प्रतिष्ठित बास्केटबॉल प्रतियोगिता में ऑफिशियल की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया (बीएफआई) द्वारा उन्हें 51वीं सब-जूनियर नेशनल बास्केटबॉल चैंपियनशिप-2026 के लिए 'बीएफआई क्वालिफाइड रेफरी' एवं 'तकनीकी अधिकारी' के रूप में नामांकित किया गया है।यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता 27 सितंबर से 4 अक्टूबर 2026 तक आंध्र प्रदेश के विजयवाड़ा में आयोजित की जाएगी, जिसमें देशभर के विभिन्न राज्यों से सब-जूनियर वर्ग के बालक एवं बालिका खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे।

भूमिपूजन से पहले ही उखड़ा 'छोटी पुलिया' का तंबू: महिलाएं धरने पर बैठीं

भाजपा नेता और नपाध्यक्ष लौटे रहवासी बोले- बड़ा पुल चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर की ईदगाह बाड़ी में शनिवार को प्रस्तावित पुलिया निर्माण के भूमिपूजन से पहले ही स्थानीय रहवासियों ने निर्माण के स्वरूप को लेकर विरोध दर्ज करा दिया। भाजपा जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र सिकरवार, नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता, पार्षद एवं अन्य जनप्रतिनिधि भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए मौके पर पहुंचे थे, लेकिन रहवासियों ने प्रस्तावित छोटी पाइप वाली पुलिया पर आपत्ति जताते हुए बड़ी और मजबूत पुलिया बनाने की मांग रख दी। विरोध के दौरान महिलाओं ने भूमिपूजन कार्यक्रम के लिए लगाए गए टेंट में बैठकर धरना दिया। उनका कहना था कि जब तक बड़ी पुलिया के निर्माण को लेकर निर्णय नहीं लिया जाता, तब तक भूमिपूजन नहीं होने दिया जाएगा। रहवासियों के विरोध को देखते हुए अंततः भूमिपूजन कार्यक्रम स्थगित कर दिया गया और जनप्रतिनिधियों को बिना भूमिपूजन किए लौटना पड़ा।

बारिश में बह गई थी पुरानी पुलिया

ईदगाह बाड़ी की यह पुलिया वार्ड क्रमांक 7 और 11 को जोड़ती है। पिछले



बड़ी और मजबूत पुलिया की मांग

कुशवाह समाज के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत कुशवाह ने कहा कि क्षेत्रवासियों की मांग केवल पुलिया निर्माण की नहीं, बल्कि ऐसी मजबूत एवं पर्याप्त चौड़ाई वाली पुलिया की है, जिससे हर बारिश में क्षेत्रवासियों को परेशानी का सामना न करना पड़े। उन्होंने कहा कि पाइप आधारित छोटी पुलिया में कचरा या गंदगी फंसने की स्थिति में पानी का बहाव बाधित हो सकता है और पानी ऊपर से बहने के कारण पुलिया को नुकसान पहुंचने की आशंका रहती है। उनके अनुसार क्षेत्रवासी करीब तीन वर्षों से इस समस्या का सामना कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यदि वर्तमान बजट पर्याप्त नहीं है तो राशि बढ़ाकर बड़ी पुलिया का निर्माण किया जाना चाहिए।

महीने हुई तेज बारिश के दौरान पुलिया बह जाने से क्षेत्र का आवागमन प्रभावित हुआ था। इसके बाद से ही स्थानीय रहवासी समस्या के स्थायी समाधान की मांग कर रहे हैं। नगरपालिका द्वारा पुलिया निर्माण को स्वीकृति दिए जाने के बाद शनिवार को भूमिपूजन कार्यक्रम निर्धारित किया गया था। कार्यक्रम के लिए टेंट सहित अन्य तैयारियां भी पूरी कर ली गई थीं, लेकिन मौके पर पहुंचे रहवासियों ने प्रस्तावित निर्माण के स्वरूप पर आपत्ति दर्ज करा दी।

दो करोड़ के बड़े पुल का तैयार हुआ था आंकलन

नगरपालिका अध्यक्ष सविता अरविंद गुप्ता ने बताया कि तकनीकी टीम द्वारा पहले बड़े पुल के निर्माण का आंकलन तैयार किया गया था, जिसकी अनुमानित लागत करीब दो करोड़ रुपये थी। परिषद से प्रस्ताव पारित होने के बाद राज्य सरकार से राशि की मांग भी की गई थी, लेकिन आवश्यक फंड उपलब्ध नहीं हो सका।

उन्होंने बताया कि बारिश के दौरान बार-बार उत्पन्न हो रही समस्या को देखते हुए वर्तमान पुलिया की ऊंचाई करीब एक मीटर बढ़ाने का प्रस्ताव तैयार किया गया था। हालांकि, शनिवार को स्थानीय नागरिकों ने सामूहिक रूप से छोटी पुलिया के बजाय बड़े पुल के निर्माण की मांग रखी। नपाध्यक्ष ने कहा कि जब क्षेत्रवासियों की सामूहिक मांग बड़ी पुलिया बनाने की है, तो उनकी भावनाओं का सम्मान किया जाएगा। इसी कारण शनिवार को प्रस्तावित भूमिपूजन कार्यक्रम नहीं किया गया। ईदगाह बाड़ी की पुलिया का मामला अब केवल निर्माण कार्य तक सीमित नहीं रह गया है, बल्कि स्थानीय रहवासियों के लिए बारिश के दौरान आवागमन की समस्या के स्थायी समाधान से जुड़ गया है। ऐसे में आगामी दिनों में बड़े पुल के निर्माण को लेकर नगरपालिका स्तर पर क्या निर्णय लिया जाता है, इस पर क्षेत्रवासियों की नजर रहेगी।

गढ़ा के जंगल में पेड़ से लटका मिला अधेड़ व्यक्ति का शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

जिले के धरनावदा थाना क्षेत्र अंतर्गत गढ़ा के जंगलों में एक अधेड़ व्यक्ति का शव संदिग्ध परिस्थितियों में पेड़ से लटका मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। घटना की जानकारी मिलते ही आसपास के ग्रामीण मौके पर एकत्र हो गए और तुरंत स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पहचान अशोक पिता हरिचरण चौरसिया के रूप में हुई है। सूचना मिलते ही धरनावदा थाना पुलिस बल तुरंत घटनास्थल पर पहुंचा और शव को फंदे से नीचे उतरवाकर पंचनामा तैयार किया। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया। पोस्टमार्टम की प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद शव अंतिम संस्कार हेतु परिजनों को सौंप दिया गया है। प्रारंभिक छानबीन और स्थानीय स्तर पर सामने आ रही जानकारी के अनुसार, इस पूरे मामले में पैसे के लेनदेन या आर्थिक तंगी से जुड़ा विवाद संभावित वजह के रूप में सामने आ रहा है। हालांकि, पुलिस हर पहलू पर गहनता से पड़ताल कर रही है कि मामला आत्महत्या का है या इसके पीछे कोई अन्य वजह है। पारिवारिक पृष्ठभूमि की बात करें तो 40 वर्ष से अधिक उम्र के मृतक अपने पीछे दो बच्चों का रोता-बिलखता परिवार छोड़ गए हैं, जिनमें से एक बच्चे का विवाह हाल ही में संपन्न हुआ था। परिवार में खुशियों का माहौल अभी पूरी तरह से शांत भी नहीं हुआ था कि इस दुखद घटना ने परिजनों को गहरे सदमे में डाल दिया है। धरनावदा थाना पुलिस का कहना है कि मर्ग कायम कर जांच शुरू कर दी गई है और परिजनों व आसपास के लोगों के बयान दर्ज किए जा रहे हैं, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।

चेकबुक मांगने पर बिफरी पत्नी: पति के सिर पर मारा लोहे का पाइप, दो सालों ने भी मिलकर पीटा

गुना। शहर के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत पुरानी छावनी इलाके में पारिवारिक कलह का एक खूनी मामला सामने आया है। बैंक खाते की चेकबुक मांगने जैसी मामूली बात पर भड़की पत्नी ने अपने ही पति के सिर पर लोहे के पाइप से जानलेवा हमला कर दिया। इतना ही नहीं, मौके पर पहुंचे दो सालों ने भी बहनोई के साथ जमकर मारपीट की। हमले में गंभीर रूप से घायल पति को उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।मिली जानकारी के अनुसार पुरानी छावनी सरस्वती शिशु मंदिर के समीप निवासी कैलाश पिता रामचरण खटीक बीते दिन शाम करीब 7 बजे अपने घर लौटा था। घर पहुंचकर उसने अपनी पत्नी वंदना से अपने बैंक खाते की चेकबुक मांगी। आरोप है कि चेकबुक देने के बजाय पत्नी गाली-गलौज पर आमादा हो गई। कैलाश ने जब विरोध किया तो आक्रोशित पत्नी ने पास ही रखा लोहे का पाइप उठाकर सीधे उसके सिर पर दे मारा, जिससे उसका सिर फट गया और खून बहने लगा।इसी दौरान महिला के भाई पवन राजौरे और कल्लू राजौरे उर्फ कल्लू भी वहां पहुंच गए। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

आनंद मिलन कार्यक्रम में आंगनबाड़ी व आशा कार्यकर्ता सम्मानित

गुना। सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत आदर्श आंगनवाड़ी केंद्र (बूढ़े बालाजी 3) में "आनंद मिलन सेवा कार्यक्रम" का गरिमामय आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा प्रदेश मीडिया पैनलिस्ट विकास जैन नखराली, नगर मंडल अध्यक्ष अर्जुन सिंह राजपूत, वार्ड 10 के पार्षद विनोद लोधा एवं भीकम सिंह रजक विशेष रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि विकास जैन नखराली ने कहा कि कार्यकर्ताओं की निष्ठा, समर्पण और सेवाभाव के बल पर ही सेवा गतिविधियां समाज के अंतिम पंक्ति के जरूरतमंद लोगों तक पहुंच रही हैं। कार्यकर्ता समाज और संगठन के बीच महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में कार्य करते हुए सामाजिक समरसता को मजबूत बना रहे हैं।इस अवसर पर क्षेत्र में उत्कृष्ट सेवा देने वाली आंगनबाड़ी कार्यकर्ता लीला प्रजापति, पूजा रजक, सहायिका जमुना बाई,का सम्मानित किया गया।

कोल्हूपुरा में महिलाओं के सामने अश्लील हरकत

गुना। शहर के सिटी कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत कोल्हूपुरा मोहल्ले में महिलाओं के समक्ष अश्लील हरकत करने का एक बेहद शर्मनाक मामला सामने आया है। घटना से जुड़ा वीडियो सोशल मीडिया पर सार्वजनिक होने के बाद स्थानीय नागरिकों और हिंदू संगठन के कार्यकर्ताओं में भारी आक्रोश फैल गया। लिखित शिकायत और कड़े विरोध के बाद हरकत में आई कोतवाली पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी युवक को गिरफ्तार कर लिया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार, शुक्रवार को कर्नलगंज क्षेत्र का निवासी एक युवक कोल्हूपुरा मोहल्ले में पहुंचा और वहां मौजूद



महिलाओं को देखकर कथित रूप से अमर्यादित व अश्लील हरकतें करने लगा। महिलाओं के शोर मचाने और स्थानीय लोगों द्वारा घेराबंदी करने पर आरोपी युवक मौके का फायदा उठाकर भागने में सफल रहा। हालांकि, पूरी घटना वहां मौजूद लोगों के कैमरों में कैद हो गई।शनिवार सुबह करीब 11:30 बजे घटना से आक्रोशित रहवासी और विश्व हिंदू बजरंग दल के प्रतिनिधिमंडल ने सिटी कोतवाली पहुंचकर पुलिस को आवेदन सौंपा। शिकायतकर्ताओं ने आरोपी के खिलाफ नामजद शिकायत दर्ज कराने के साथ ही साक्ष्य के रूप में घटना की वीडियो रिकॉर्डिंग भी पुलिस को सौंपी। मामले की संवेदनशीलता और जनआक्रोश को देखते हुए कोतवाली पुलिस ने तुरंत दबिश दी और कर्नलगंज निवासी संदिग्ध युवक को अपनी कस्टडी में ले लिया। फिलहाल पुलिस जांच करने जुटी हुई है।

वार्ड 3 में स्वच्छता व्यवस्था को लेकर पार्षद सख्त

सफाई मित्रों की बैठक लेकर दिए निर्देश, समस्याएं सुनीं और शीघ्र निराकरण का दिया भरोसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शहर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने के संकल्प के तहत नगर पालिका परिषद गुना की चेयरमैन एवं वार्ड क्रमांक 03 की पार्षद बबीता राजेश साहू ने वार्ड की सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाने के उद्देश्य से सफाई मित्रों की समीक्षा बैठक ली। बैठक में वार्ड की वर्तमान स्वच्छता व्यवस्था की समीक्षा करते हुए सफाई कार्य को और प्रभावी बनाने के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

बैठक में पार्षद बबीता साहू ने स्पष्ट किया कि वार्ड क्रमांक 03 में स्वच्छता व्यवस्था से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने नालियों की नियमित सफाई, गलियों में प्रतिदिन झाड़ू लगाने तथा कचरा संग्रहण कार्य को निर्धारित समय पर सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि नागरिकों को मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना प्राथमिकता है। विशेष रूप से साफ-सफाई के कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही या हीलाहवाली स्वीकार नहीं की जाएगी। सभी सफाई मित्र अपने निर्धारित बीट में समय पर उपस्थित होकर जिम्मेदारी और निष्ठा के साथ कार्य करें। पार्षद श्रीमती बबीता साहू ने सफाई मित्रों से संवाद करते हुए उनके कार्यक्षेत्र में आने वाली व्यावहारिक परेशानियों, आवश्यक संसाधनों और अन्य समस्याओं की जानकारी ली।

शैक्षिक गुणवत्ता सुधार के संकल्प के साथ नवनियुक्त जनशिक्षकों का प्रशिक्षण

अनुवर्तन-आधारभूत शिक्षा को मजबूत बनाने पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ गुना

शासन के 'शिक्षित भारत, समर्थ भारत' के उद्देश्य की पूर्ति के लिए प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों में संचालित शैक्षिक गुणवत्ता उन्नयन अभियान को सफल बनाने में प्रभावी कक्षा शिक्षण के साथ-साथ अनुवर्तनकर्ताओं की कर्तव्यनिष्ठा एवं सतत रिणामदायी मार्गदर्शन की महत्वपूर्ण भूमिका है। मिशन अंकुर राष्ट्र के भावी भविष्य निर्माताओं की प्रारंभिक शिक्षा से जुड़ा महत्वपूर्ण कार्यक्रम है। इसे सभी शिक्षक समर्पित भाव से रोचक गतिविधियों के माध्यम से विद्यालयों में प्रभावी रूप से संचालित करें, यह सुनिश्चित करना शिक्षा विभाग के निरीक्षणकर्ताओं एवं अनुवर्तनकर्ताओं का दायित्व है।



उक्त विचार जिला परियोजना समन्वयक श्रीमती प्रेरणा गुप्ता ने शासकीय जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान (डाइट), बजरंगगढ़ में आयोजित नवनियुक्त जनशिक्षकों के पांच दिवसीय प्रशिक्षण के समापन सत्र को संबोधित करते हुए व्यक्त किए। प्रशिक्षण 21 से 25 सितंबर तक आयोजित किया गया। कार्यक्रम डाइट प्राचार्य राजेश कुमार गोयल के नेतृत्व में सम्पन्न हुआ। जिला परियोजना समन्वयक श्रीमती गुप्ता ने कहा कि एक सफल अनुवर्तनकर्ता की भूमिका केवल विद्यालय का निरीक्षण करने तक सीमित नहीं है, बल्कि उसे विद्यालय में अनिवार्य रूप से न्यूनतम 90 मिनट रुककर शिक्षक के सहयोगी की भूमिका निभानी चाहिए। इसके माध्यम से शिक्षण की गुणवत्ता में सुधार करते हुए विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में योगदान दिया जा सकता है।

सरस्वती पूजन से हुआ समापन सत्र का शुभारंभ

समापन सत्र का शुभारंभ मां सरस्वती एवं भारत माता के पूजन के साथ हुआ। इसके बाद सरस्वती वंदना, राष्ट्रगीत, प्रेरणागीत, सुभाषित, आज का पंचांग एवं समाचार वाचन प्रस्तुत किया गया। प्रशिक्षणार्थियों ने प्रशिक्षण के दौरान अर्जित शैक्षिक कौशलों की प्रभावी प्रस्तुति भी दी।

विभिन्न शैक्षिक विषयों पर हुआ प्रशिक्षण

प्रशिक्षण के दौरान डाइट के व्याख्याता एवं अकादमिक प्रभारी पं. तुलसीदास दुबे, प्रशिक्षण प्रभारी प्रशांत श्रीवास्तव, जितेंद्र अहिरवार, अरुण रघुवंशी एवं नीलम सेन ने विभिन्न विषयों पर प्रशिक्षण प्रदान किया। प्रशिक्षकों ने जनशिक्षकों से कहा कि जिले की शैक्षिक गुणवत्ता में सुधार के इस चुनौतीपूर्ण कार्य को शासन की अपेक्षाओं के अनुरूप अपना दायित्व मानते हुए प्रभावी परिणाम देने का प्रयास करें। प्रशिक्षण में भाषा शिक्षण के विभिन्न कौशल, ध्वनि जागरूकता, साप्ताहिक एवं आवधिक आकलन, समीक्षा टीप लेखन सहित विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

समाचार संक्षेप

नामदेव महासभा के जिलाध्यक्ष नियुक्ति पर समाज को एकता के सूत्र में बांधने का संकल्प



चाचौड़ा। अखण्ड भारतीय नामदेव महासभा (रजि.) इंडिया की मध्य प्रदेश इकाई में संगठनात्मक विस्तार के तहत महत्वपूर्ण नियुक्ति की गई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष की सहमति, प्रदेश अध्यक्ष की अनुशंसा एवं जिला प्रभारी की अनुमोदना के बाद चंद्र मोहन नामदेव को गुना जिले का जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया है। यह नियुक्ति राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम भैया नामदेव (पत्रकार), प्रदेश अध्यक्ष आर.एल. नामदेव एवं गुना जिला प्रभारी भगवान सिंह नामदेव के अनुमोदन से की गई है। नियुक्ति की जानकारी मिलते ही जिले के नामदेव समाज में हर्ष का माहौल है। समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के पदाधिकारियों ने नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चंद्र मोहन नामदेव को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नवनियुक्त जिलाध्यक्ष चंद्र मोहन नामदेव ने नियुक्ति पर संगठन के पदाधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि संगठन ने उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी है, उसका वे पूरी निष्ठा एवं समर्पण के साथ निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि उनका प्रमुख उद्देश्य समाज को एक नई दिशा देना और समाज के सभी वर्गों को एकता के सूत्र में बांधना है।

कुम्भराज में मनाई गई पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती



कुम्भराज। भाजपा मंडल के तत्वावधान में विधायक कार्यालय पर राष्ट्र सेवा के अमर पथिक, राष्ट्र चिंतक एवं अंत्योदय के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती श्रद्धापूर्वक मनाई गई। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष जगदीश मीणा विशेष रूप से उपस्थित रहे। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष रोहित कासट सहित अन्य वक्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के जीवन, व्यक्तित्व एवं विचार दर्शन पर प्रकाश डाला। वक्ताओं ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति के उत्थान और सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। उनके विचार आज भी समाज एवं राष्ट्र के लिए प्रेरणादायी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के आदर्शों एवं बताए मार्ग पर चलने तथा समाज के अंतिम पंक्ति के लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया।

रामायण चौपाई प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर ने विभाग स्तर पर भी पाया प्रथम स्थान



कुंभराज। सांस्कृतिक महोत्सव के अंतर्गत आयोजित रामायण चौपाई प्रतियोगिता में सरस्वती शिशु मंदिर के भैया-बहनों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए जिले में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद अब विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में भी प्रथम स्थान हासिल किया है। जिला स्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने के बाद भैया-बहनों ने सारंगपुर में आयोजित विभाग स्तरीय प्रतियोगिता में सहभागिता की और वहां भी उत्कृष्ट प्रस्तुति देते हुए प्रथम स्थान प्राप्त किया।

वंदे मातरम् के 150 वर्ष पूर्ण होने पर चाचौड़ा में गूंजा राष्ट्रगीत

विद्यार्थियों, नगरवासियों ने उत्साह के साथ किया सामूहिक वंदे मातरम् गान

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' के 150 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में 25 सितंबर 2026 को संपूर्ण भारतवर्ष में आयोजित सामूहिक वंदे मातरम गान के क्रम में चाचौड़ा ब्लॉक के विभिन्न सरस्वती शिशु विद्या मंदिरों में भी कार्यक्रम आयोजित किए गए। मुख्य कार्यक्रम चाचौड़ा सरस्वती शिशु मंदिर के तत्वावधान में स्थानीय मेला ग्राउंड में आयोजित हुआ।

इसमें विद्यालय के नन्हे-मुन्ने भैया-बहनों, पूर्व छात्रों, अभिभावकों, प्रबंध समिति के सदस्यों, आचार्यवृंद, मातृशक्ति एवं नगर के गणमान्य नागरिकों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किए जाने के दौरान पूरा मेला ग्राउंड देशभक्ति से ओतप्रोत हो गया।

वंदे मातरम् के इतिहास से कराया परिचित

कार्यक्रम के दौरान मनोज यादव ने राष्ट्रगीत वंदे मातरम् के रचयिता बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय तथा इसके 150 वर्ष के गौरवशाली इतिहास की जानकारी दी। उन्होंने राष्ट्रगीत के ऐतिहासिक एवं राष्ट्रीय महत्व पर विस्तार से प्रकाश डाला।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सेवानिवृत्त प्रधानाध्यापक श्री बाबूलाल संत, ब्लॉक बीआरसी राहुल रावत एवं मनोज यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता गोपाल पांडा ने की। मंच संचालन विद्यालय की वरिष्ठ दीदी श्रीमती नीतू सेन ने किया। विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त स्टाफ ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। कार्यक्रम के अंत में मनोज पालीवाल ने सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं नगरवासियों के प्रति आभार व्यक्त किया तथा वंदे मातरम् के महत्व पर प्रकाश डाला।

185 लोगों की रही सहभागिता

राष्ट्रभक्ति के इस आयोजन में कुल 185 लोगों की गरिमामयी उपस्थिति रही। विद्यालय के भैया-बहनों, अभिभावकों, प्रबंध समिति के सदस्यों, आचार्यवृंद, मातृशक्ति तथा समाज के प्रबुद्ध नागरिकों ने अनुशासन एवं उत्साह के साथ सहभागिता की। सभी वर्गों की सहभागिता से कार्यक्रम का वातावरण राष्ट्रभक्ति से सराबोर रहा। सामूहिक वंदे मातरम् गान के दौरान उपस्थित लोगों में देशप्रेम एवं राष्ट्रीय एकता की भावना स्पष्ट रूप से दिखाई दी।

दस दिवसीय विद्याधर एवं श्रमण संस्कार शिविर का समापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ राघौगढ़

दशलक्षण महापर्व के अवसर पर 16 से 25 सितंबर तक मुनि श्रमण सागर जी एवं मुनि ओंकार सागर जी महाराज के सानिध्य में आयोजित दस दिवसीय विद्याधर एवं श्रमण संस्कार शिविर का विदाई समारोह के साथ समापन हुआ। धर्मसभा को संबोधित करते हुए मुनि श्रमण सागर जी महाराज ने राघौगढ़ के प्राकृतिक सौंदर्य की सराहना करते हुए कहा कि शिविरार्थियों के साथ जंगल में साधना का अनुभव आत्मिक शांति देने वाला रहा। उन्होंने कहा कि प्राचीन काल में भी साधु-संत एकांत एवं प्राकृतिक वातावरण में रहकर साधना करते थे। समापन अवसर पर जैन समाज अध्यक्ष अशोक कुमार भारिल्य के नेतृत्व में ट्रस्ट कमेटी एवं मार्गदर्शक मंडल द्वारा देश के विभिन्न क्षेत्रों से आए 20 विद्याधरों एवं 40 शिविरार्थियों का माला, दुपट्टा एवं सम्मान प्रतीक भेंट कर अभिनंदन किया गया।

राघौगढ़ में 27 सितंबर रविवार को जैन विमानोत्सव आयोजित होगा। जयपुर से निर्मित नवीन रजत विमान में भगवान को विराजमान कर प्रातः 10 बजे पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर से गाजे-बाजे के साथ शोभायात्रा निकाली जाएगी। नगर भ्रमण के बाद दोपहर 2 बजे शोभायात्रा संत सुधा सागर धाम स्थित संभवनाथ जिनालय पहुंचेगी।

वंदे मातरम् की 150वीं वर्षगांठ पर कुंभराज में गूंजा राष्ट्रगीत

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुंभराज



राष्ट्रगीत 'वंदे मातरम्' की 150वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में सरस्वती शिशु विद्या मंदिर हाई स्कूल, कुंभराज के विद्यालय परिसर में सामूहिक वंदे मातरम् गायन कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में नगर के गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं पुलिस विभाग के अधिकारियों ने सहभागिता की। कार्यक्रम में शासकीय विद्यालय के प्राचार्य वीरेंद्र बोहरे, पूर्व चिकित्सक डॉ. गोविंद नारायण शर्मा, नगर परिषद अध्यक्ष शारदा देवी साहू, समिति अध्यक्ष नवल अग्रवाल, युवराज राजोरिया, बैजनाथ सिंह धाकड़, लक्ष्मीनारायण, डॉ. ज्ञान सिंह गुर्जर, विनोद साहू सहित पुलिस थाना के अधिकारी एवं अन्य गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। निर्धारित समय प्रातः 11 बजे विद्यालय के भैया-बहनों द्वारा सामूहिक रूप से वंदे मातरम् का गायन किया गया। इस दौरान सभी विद्यार्थी एवं उपस्थित अतिथि एक लय, एक ताल और एक स्वर में खड़े होकर राष्ट्रगीत में सहभागी बने। सामूहिक गायन से विद्यालय परिसर देशभक्ति के भाव से गूंज उठा। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. गोविंद नारायण शर्मा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए वंदे मातरम् के इतिहास एवं महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राष्ट्रगीत देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता एवं मातृभूमि के प्रति सम्मान की भावना को जागृत करने का महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने विद्यार्थियों से अनुशासन एवं राष्ट्रप्रेम की भावना को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अनुशासन का परिचय देते हुए सहभागिता की।

अनंत चतुर्दशी पर निकला गणेश विसर्जन चल समारोह, उत्साह के साथ निभाई अखाड़ा परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ चाचौड़ा



अनंत चतुर्दशी के अवसर पर चाचौड़ा में वर्षों पुरानी अखाड़ा परंपरा श्रद्धा, उत्साह और भक्ति भाव के साथ निभाई गई। जय बजरंग अखाड़ा समिति की अगुवाई में निकले गणेश विसर्जन चल समारोह में नगर एवं आसपास के क्षेत्रों की 15 गणेश प्रतिमाएं शामिल हुईं। फूलों और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजे वाहनों पर विराजमान गणेश प्रतिमाएं श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहीं।

चल समारोह के दौरान वातावरण 'गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ' और 'गोविंदा-गोविंदा' के जयकारों से गूंजता रहा। अखाड़ा सदस्यों ने पारंपरिक वेशभूषा में विभिन्न कला-कौशल एवं हैरतअंगेज करतबों का प्रदर्शन किया। इन प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं का विशेष ध्यान आकर्षित किया। गणेश विसर्जन चल समारोह देखने के लिए चाचौड़ा नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव के साथ भगवान गणेश की पूजा-अर्चना कर उन्हें विदाई दी अगले वर्ष पुनः पधारने की कामना की।

पुलिस प्रशासन ने संभाली व्यवस्था

चल समारोह से लेकर गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन तक जय बजरंग अखाड़ा समिति एवं पुलिस प्रशासन द्वारा व्यवस्थाएं संभाली गईं। जुलूस मार्ग एवं विसर्जन स्थल पर पर्याप्त पुलिस बल तैनात रहा। व्यवस्थाओं के चलते पूरा आयोजन शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित तरीके से संपन्न हुआ।

धार्मिक और सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा

अनंत चतुर्दशी पर आयोजित होने वाला अखाड़ा एवं गणेश विसर्जन समारोह चाचौड़ा की वर्षों पुरानी धार्मिक एवं सांस्कृतिक परंपरा का अभिन्न हिस्सा है। हर वर्ष नगरवासी इसमें उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हैं और गणपति बप्पा को श्रद्धा एवं भक्ति के साथ विदाई देते हैं।

जिला स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता में मुंगावली की श्रीजी और सिद्धि ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



17 सितंबर से 17 अक्टूबर 2026 तक संचालित सेवा संकल्प अभियान अंतर्गत प्रत्येक विद्यालय, जन शिक्षा केंद्र, विकासखंड स्तर पर भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिताएं आयोजित की गई जिसमें चयनित छात्र-छात्राएं जिले के संदीपनी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय अशोकनगर में जिला स्तरीय भाषण एवं चित्रकला प्रतियोगिता संपन्न हुई। जिसमें अतिथि के तौर पर देवकीनंदन सिंह अपर कलेक्टर, शैलेंद्र यादव मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत अशोकनगर, जिला शिक्षा अधिकारी मधु शर्मा, जिला परियोजना समन्वयक राहुल शर्मा, विकासखंड शिक्षा अधिकारी चंद्रशेखर सिसोदिया एवं जिला शिक्षा केंद्र की समस्त टीम उपस्थिति रही। जनप्रतिनिधि के तौर पर अतिथिगण बृजकिशोर शर्मा प्रदेश सहसंयोजक दिव्यांग प्रकोष्ठ शीला जाटव जिला पंचायत सदस्य एवं जिला मंत्री भाजपा, लखन यादव जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह रघुवंशी जिला मंत्री भाजपा प्रांजल जैन भाजपा नगर मंडल अध्यक्ष,संजीव भारिल्य सांसद प्रतिनिधि,लखन राजोरिया जिला निर्माण समिति सदस्य शामिल हुए।

प्रतियोगिता उपरांत निर्णायक मंडल द्वारा परिणाम घोषित किए गए,भाषण प्रतियोगिता में श्रीजी मिश्रा सेंट मीरा स्कूल मुंगावली द्वारा प्रथम स्थान प्रदीप अहिरवार हाई स्कूल बांकलपुर चंदेरी द्वारा द्वितीय स्थान,तथा स्मृति तिवारी केंद्रीय विद्यालय मुंगावली द्वारा तृतीय स्थान प्राप्त किया। चित्रकला प्रतियोगिता में सिद्धि जैन टी ए वी स्कूल मुंगावली प्रथम स्थान पर रहीं, सृष्टि रघुवंशी सांदीपनि विद्यालय महिदपुर द्वितीय एवं नेहा रघुवंशी सांदीपनि विद्यालय अशोकनगर तृतीय स्थान पर रहीं। साथ ही दिव्यांश राव मोरे और आयुषी जैन को सांत्वना पुरस्कार दिया गया। पुरस्कार वितरण उपरांत कार्यक्रम के समापन पर जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा अतिथियों का आभार प्रदर्शन किया गया।



स्कूली बालिकाओं को कई घण्टे बैठाए रखा खाने के लिए मात्र दो केले प्रदान किए!

चंदेरी। संकल्प सेवा समाधान यात्रा के नाम पर आयोजित कार्यक्रम में स्कूली बच्चियों के साथ कथित तौर पर बेहद लापरवाही और संवेदनहीनता का मामला सामने आया है। शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों के स्कूलों से बच्चियों को दोपहर 12.30 बजे बुलाकर सांय तक भूखा रखा। पहाड़ स्थित होटल प्रांगण में कार्यक्रम स्थल पर बैठाए रखने का आरोप है। इस दौरान बच्चियों को भोजन तो दूर, केवल दो केले दिए जाने की बात सामने आई है। कार्यक्रम में शामिल होने पहुंची बच्चियों को घंटों तक कार्यक्रम स्थल पर इंतजार करना पड़ा। सवाल यह है कि आखिर नाबालिग छात्राओं को दोपहर में स्कूलों से बुलाकर घंटों बिना पर्याप्त भोजन-पानी के बैठाने की जिम्मेदारी किसकी थी? क्या कार्यक्रम के आयोजकों ने बच्चियों के भोजन और बुनियादी सुविधाओं की कोई व्यवस्था नहीं की थी?मामले को लेकर जब ब्लॉक शिक्षा अधिकारी सुरभि जैन से सवाल किया गया तो उन्होंने पूरे घटनाक्रम को गलत माना। उन्होंने आश्वासन दिया कि बच्चियों के लिए कुछ खाने की व्यवस्था कराई जाएगी। बीईओ द्वारा स्वयं घटनाक्रम को गलत माना जाना मामले की गंभीरता को और बढ़ाता है। यदि कार्यक्रम में स्कूली बच्चियों को बुलाया गया था तो उनके लिए भोजन, पानी, बैठने और अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं पहले से सुनिश्चित करना संबंधित अधिकारियों और आयोजकों की जिम्मेदारी थी।

गणेश प्रतिमा विसर्जन के दौरान सिंध नदी में डूबे युवक का एसडीआरएफ टीम को मिला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ शाढ़ौरा



शक्रवार शाम से जारी थी तलाश प्रशासन द्वारा विसर्जन के लिए निर्धारित नहीं किया गया था। बताया जा रहा है कि प्रतिमा विसर्जन के बाद प्रदीप नदी में नहाने लगा। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूबने लगा। उसके साथ मौजूद युवकों ने उसे बचाने का प्रयास किया, लेकिन वे सफल नहीं हो सके। इसके बाद घटना की जानकारी प्रदीप के परिजनों और शाढ़ौरा पुलिस को दी गई।

सूचना मिलते ही दूसरे विसर्जन घाट पर मौजूद तहसीलदार और थाना प्रभारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल गुना जिले की सीमा में होने के कारण गुना पुलिस और एसडीआरएफ टीम को भी सूचना दी गई। एसडीआरएफ द्वारा शुक्रवार रात तक नदी में सर्चिंग की गई, लेकिन अंधेरा होने के कारण युवक का पता नहीं चल पाया। शनिवार सुबह एसडीआरएफ टीम ने फिर से सर्च अभियान शुरू किया। कुछ देर की तलाश के बाद प्रदीप का शव उसी स्थान से कुछ दूरी पर मिला, जहां उसके डूबने की जानकारी सामने आई थी। शव को नदी से बाहर निकालने के बाद आगे की कार्रवाई के लिए पुलिस को सौंप दिया गया। गुना की कैंट थाना पुलिस शव का पोस्टमार्टम कराकर नियमानुसार कार्रवाई करेगी।

रात में काफी देर तक तलाश के बाद भी उसका पता नहीं चल सका था। शनिवार सुबह दोबारा शुरू की गई सर्चिंग के दौरान गुना की एसडीआरएफ टीम ने शव घटनास्थल से कुछ दूरी पर खोज निकाला। ने उसका मृतक की पहचान शाढ़ौरा के कटरा मोहल्ला निवासी 23 वर्षीय प्रदीप कोरी के रूप में हुई है। वह शक्रवार शाम करीब 4 बजे अपने मोहल्ले के तीन-चार साथियों के साथ गणेश प्रतिमा विसर्जन के लिए निकला था। प्रशासन की ओर से प्रतिमा विसर्जन के लिए दूसरी जगह निर्धारित की गई थी, लेकिन प्रदीप और उसके साथी बाइक से गुना-अशोकनगर रोड स्थित सिंध नदी के पुल के पास गुना जिले की सीमा में पहुंच गए थे वह स्थान प्रशासन द्वारा विसर्जन के लिए निर्धारित नहीं किया गया था।

सेवा सेतु अभियान एवं मेरे सपनों का भारत विषय पर प्रतियोगिता आयोजित



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

सेवा संकल्प अभियान 2026 के अंतर्गत "मेरे सपनों का भारत" गतिविधि के तहत पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर में अंतर महाविद्यालयीन चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिले के विभिन्न शासकीय एवं निजी महा विद्यालयों के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। दोनों प्रतियोगिताओं में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया। चित्रकला प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने चित्रों के माध्यम से श्विकसित भारत का सपना परम्परा और आधुनिकता का संगम विषय को रचनात्मक रूप में प्रस्तुत किया। वहीं भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने विकसित भारत के निर्माण में युवा शक्ति का योगदान विषय पर अपने विचार व्यक्त करते हुए भारत के भविष्य, विकास एवं युवा भूमिका पर अपने दृष्टिकोण प्रस्तुत किए।

चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिता के विजेता


चित्रकला में प्रथम नम्रता नौनेरिया,द्वितीय संजना मीना,तृतीय सुमीक्षा जैन रहीं। भाषण प्रतियोगिता में प्रथम राधिका यादव, द्वितीय स्मितानाथ योगी, तृतीय मुस्कान सुमन रहीं। कार्यक्रम का आयोजन पीएम कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस, शासकीय नेहरू स्नातकोत्तर महाविद्यालय, अशोकनगर द्वारा किया गया। कार्यक्रम की प्रभारी मोना यादव एवं डॉ. जे.पी. अहिरवार रहीं।

पितृ पक्ष की शुरूआत तुलसी सरोवर पर पितरों का तर्पण किया गया

अशोकनगर। इस बार पितृ पक्ष की शुरूआत 26 सितम्बर से प्रारम्भ हुई है सर्व पितृ मोक्ष अमावस्या तक चलेगी। 16 दिवसीय इस श्राद्ध प्रारम्भ हो गए हैं भाद्रप्रद शुक्ल पक्ष की पूर्णिमा से 16 दिन तक यह श्राद्ध चलेगें। इस श्राद्ध पक्ष में सारे मांगलिक कार्य बंद हो जाते हैं और 16 दिन तक बंद रहेगें। इस पक्ष में तिथि अनुसार पुरखों का श्राद्ध किया जाता है जिनको तिथि याद नहीं रहती है उनके द्वारा सर्व पितृ अमावस्या के दिन श्राद्ध किया जाता है। सनातन धर्म में श्राद्ध पक्ष का विशेष महत्व माना जाता है। श्राद्ध शब्द का अर्थ श्रद्धा से है जिसका मतलब है हमारे पितरों के प्रति हमारे श्रद्धा भाव। हम हमारे रक्त पितरों के अंश हैं जिसके कारण हम उनके ऋणि होते हैं और यही ऋण उतारने के लिए श्राद्ध कर्म किए जाने का विधान है। इसीलिए पितृपक्ष आते हैं। पितृपक्ष में श्राद्ध तर्पण, पिण्डदान आदि कार्यों से पूर्वजों की आत्मा को शांति प्राप्त होती ही है साथ ही पितृ ऋण से मुक्ति भी मिलती है। पितरों को पानी पिलाने की प्रक्रिया को ही तर्पण कहा जाता है। शहर के तुलसी सरोवर पर तर्पण के लिए अनेक लोग पहुंचे।

जैन विमानोत्सव की आज से शुरूआत, पुराने गांव जैन मंदिर से चल समारोह सुभाषगंज जैन मंदिर पहुंचेगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



जैन समाज अशोकनगर का पूरे वर्ष भर में सबसे बड़ा आयोजन जैन विमानोत्सव के रूप में होता है जिसकी अपनी एक अलग पहचान है। यहां के विमानोत्सव को देखने के लिए आसपास के जिलों से भी लोग पहुंचते हैं। इस बार अशोकनगर शहर की जैन समाज को यह विमानोत्सव मनाने का मौका परम पूज्य मुनिश्री निरंजन सागर जी महाराज के सानिध्य में मिला है। विमानोत्सव को लेकर शहर में उत्साह है।

27 सितम्बर को जैन विमानोत्सव का यह चल समारोह पुराना गांव जैन मंदिर से सुबह 9:30 बजे प्रारम्भ होगा। भगवान के इस विमानोत्सव में जहां चांदी के विमान में श्री जी निकाले जाएगें वहीं चांदी का रथ भी आर्कषण का केन्द्र होगा। इस चल समारोह का आयोजन दिगम्बर जैन पंचायत अशोकनगर तत्वाधान में किया जाएगा। जैन समाज के अध्यक्ष राकेश कांसल और महामंत्री राकेश जैन अमरौद ने बताया कि इस चल समारोह में जहां युवा वर्ग का वैण्ड दिव्य ध्वनि के साथ रोमांच पैदा करेगा। वहीं दूसरी ओर हमेशा की तरह जैन भजनों के लिए एक बाहर का वैण्ड भी बुलाया गया है। इस चल समारोह में डांडिया भी आर्कषण का केन्द्र होगा। शहर के भक्त जन और युवतियां इस चल समारोह में अपनी प्रस्तुतियां प्रदान करेगीं। पूरे चल समारोह मार्ग को आकर्षक ढंग से सजाया गया है। पूरे मार्ग पर श्रद्धालु भगवान की भक्ति भाव से आरती के आयोजन में शामिल होगें।

अनेक संस्थाओं द्वारा इस चल समारोह में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं के विविध प्रकार की स्वागत सामग्री भी प्रदान की जाएगी। सभी संगठन अपनी-अपनी भूमिका में नजर आएगें। यह चल समारोह पुराने बाजार जैन मंदिर से प्रारंभ होकर गांधी चौक, स्टेशन रोड़,होते हुए सुभाषगंज जैन मंदिर परिसर में पहुंचगें जहां श्री जी का विमान भक्ति भाव के साथ आयोजन स्थल पर ले जाया जाएगा। जहां भगवान की फूलमाल और ज्ञानमाल के आयोजन होगें। मुनिश्री द्वारा उपस्थित जनों को संबोधित किया जाएगा। 28 सितम्बर को जैन विमानोत्सव का यह चल समारोह दूसरे दिन सुभाषगंज जैन मंदिर से प्रारंभ होगा यह चल समारोह सुभाष गंज, सदर बाजार, इन्द्रा पार्क होते हुए यह चल समारोह श्री शांतिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर, त्रिकाल चैबीसी पर पहुंचेगा वहां से प्रोशेसन रोड होते हुए वापिस पुराना गांव जैन मंदिर पहुंचेगा। इस आयोजन की व्यापक स्तर पर तैयारियां की गई हैं। मुनिश्री भी इस चल समारोह में शामिल होगें। 27 सितंबर की रात्रि में भजन संध्या का आयोजन किया गया है जिसमें रूपेश जैन टीकमगढ़ द्वारा भक्ति गीतों की प्रस्तुती प्रदान की जाएगी।

खबर संक्षेप

मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज

अशोकनगर। जिले के विभिन्न क्षेत्रों में मारपीट की घटनाओं के कई मामले दर्ज किए गए हैं। जिले के देहात थाना क्षेत्र अंतर्गत शंकर कॉलोनी निवासी सोनू अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि रोहित और राजीव अहिरवार ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी। जिले के देहात थाना क्षेत्र के अंतर्गत गर्रोली निवासी जितेन्द्र यादव ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि लक्की राजपूत व उसके साथी ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र अंतर्गत फतेहाबाद निवासी जमीर खान ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि असरफ अंसारी ने उससे मारपीट की जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बेसरा निवासी बालकिशन अहिरवार ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि राजन सिंह यादव, मलखान सिंह, बहादुरसिंह, रामकिशन वंशकार ने उससे मारपीट की। जिले के चंदेरी थाना क्षेत्र के अंतर्गत चंदेरी निवासी भरत कोली ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि आजाद बाल्मीक और राज बाल्मीक ने उससे मारपीट की और जान से मारने की धमकी दी।

महिला ने फांसी लगाकर खुदकुशी की

अशोकनगर। जिले के देहात थाने के अंतर्गत रजनी पत्नी दीपक परिहार उम्र 30 साल निवासी सेमरखेड़ी ने अज्ञात कारणों के चलते फांसी लगा ली, जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पुलिस ने मामला दर्ज किया है।

आरोपी को सश्रम कारावास व दंडित

अशोकनगर। थाना देहात के अपराध क्रमांक 237/2025 में नाबालिग बालिका से संबंधित लैंगिक अपराध को लेकर न्यायालय ने कारावास और अर्थदंड की सजा से दण्डित किया है। न्यायालय द्वारा उपलब्ध साक्ष्यों के मूल्यांकन के उपरांत आरोपी प्रतिपाल अहिरवार को दोषसिद्ध किया गया। पीड़िता के कथन, परिजन के समर्थनकारी कथन, चिकित्सकीय साक्ष्य, आयु संबंधी दस्तावेज, घटनास्थल संबंधी साक्ष्य एवं इलेक्ट्रॉनिक अभिलेखों को विवेचना में समाहित करते हुए आरोप-पत्र विशेष न्यायालय में प्रस्तुत किया गया, जिसके आधार पर न्यायालय द्वारा आरोपी को दोषी पाया गया। विशेष न्यायालय जिला अशोकनगर द्वारा आरोपी प्रतिपाल अहिरवार को अधिनियम की धारा 11 सहपठित धारा 12 में 01 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,000 अर्थदंड तथा धारा 11 सहपठित धारा 12 में 2 वर्ष का सश्रम कारावास एवं 1,500 अर्थदंड से दंडित किया गया तथा 2,500 अर्थदंड की राशि पीड़िता को प्रतिकर के रूप में प्रदान किए जाने का आदेश पारित किया गया।

जल जन सेवा यात्रा का राजघाट चौकी पर स्वागत किया

अशोकनगर। सेवा संकल्प अभियान के तहत बड़नगर से वाराणसी तक जल जन सेवा यात्रा का शनिवार को चंदेरी विधानसभा की सीमा राजघाट पुलिस चौकी एवं मध्यप्रदेश-उत्तरप्रदेश की सीमा पर भाजपा जिला अध्यक्ष आलोक तिवारी के नेतृत्व में जनप्रतिनिधियों एवं कार्यकर्ताओं ने पुष्प वर्षा कर आत्मीय स्वागत किया।

मुनिश्री के उद्बोधन के बाद सभी समाजजनों ने एक-दूसरे से क्षमा मांगी

क्षमा का अर्थ है भूलों पर ध्यान न देना, गुणों की ओर दृष्टि रखना व सबकी आत्मा को समान समझना

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर





पर्युषण पर्व की समाप्ति के बाद क्षमावाणी दिवस पर मुनिश्री निरजंन सागर महाराज ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि क्षमा का अर्थ है भूलों पर ध्यान न देना। क्षमा का अर्थ है गुणों की ओर दृष्टि रखना एवं सबकी आत्मा को समान समझना। भटके हुए को शाम तक इष्ट मार्ग पर लौटने का अवसर ही क्षमा है। उन्होंने कहा कि अन्तःकरण की उदारता का नाम क्षमा है। कोई हमारे प्रति कलुषता भी रखता हो तो हमारे आचरण से वह भी निष्कलुष हो जाये। हमारी निर्मलता उसकी कलुषता को हटाने में कारण बने। हमारा क्षमाभाव उसकी शत्रुता को नष्ट कर दे। जैसे अपने अपराध के लिए दूसरों से क्षमा चाहते हैं क्या दूसरे से अपराध होने पर ऐसी ही क्षमा हम अपने भीतर भी धारण नहीं कर सकते? बस इतनी-सी बात पर विचार करना है। यदि ये विचार हमारे भीतर बहुत गहराई में आ गया तो फिर दूसरों के अपराध दिखेंगे ही नहीं, यदि कोई अपराध करेगा तो उसके प्रति हम हमारा मन गंदा नहीं करेंगे। क्षमावाणी का वास्तविक भाव तो यह था कि पर्युषण पर्व में दस धर्मों की आराधना से हमारा हृदय क्षमाभाव से आकंठ-आपूरित हो उठना चाहिये और जिस प्रकार घड़ा जब आकंठ-आपूरित हो जाता है तो फिर छलकने लगता है, ठीक इसी प्रकार जब हमारा हृदय घट क्षमा भावादि जल से आकंठ-आपूरित हो उठे, तब वही क्षमाभाव वाणी में भी छलकने लगे। तभी वह वस्तुतः वाणी ही क्षमा का रूप लेकर क्षमावाणी होगी। क्षमा याचना मान कषाय के अभाव से होने वाली प्रवृत्ति है। मुनि श्री के उदबोधन के पश्चात सभी समाज जनों ने एक दूसरे से क्षमा मांगी।

जैन मिलन सेंट्रल ने मुनि श्री के सानिध्य में क्षमा पर्व मनाया। जैन मिलन सेंट्रल द्वारा क्षमा पर्व बड़े ही उत्साह के साथ मनाया गया। अध्यक्ष अतुल बंसल एवं मंत्री मनोज जैन ने बताया कि इस कार्यक्रम में शनिवार को जैन भवन में सर्वप्रथम दीप प्रज्जवलन राष्ट्रीय मंत्री नरेश जैन,राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुभाष जैन कैंची ,राष्ट्रीय संयुक्त मंत्री महेंद्र कडेसरा एवं आनंद गांधी तथा अन्य अतिथियों ने किया। मुनिश्री के चरणों मे अतिथियों ने श्रीफल भेंट किये महावीर प्रार्थना स्वस्ति खेरा ने गाई तथा मंगलाचरण में मिलन गीत गाया। पंडित अशोक बनारस को तिलक लगाकर सम्मान पट्टिका पहनाई गई। भारतीय जैन मिलन के निर्देश पर माउंट लिट्रा जी स्कूल में कराई गई। जैन सम्राट गौरव प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता की प्रथम पुरस्कार विजेता आस्था कश्यप, द्वितीय पुरुस्कार विजेता राज्यवर्धन सिंह, तृतीय पुरुस्कार विजेता हिमांशी जैन एवं समृद्धि जैन को सम्मान प्रतीक देकर अतिथियों ने सम्मानित किया। सुभाष जैन ने आयोजन पर विस्तार से प्रकाश डाला एवं सभी को क्षमा करते हुए प्राणी मात्र से क्षमा मांगी। नरेश जैन ने सम्बोधित करते हुए क्षमा के महत्व को दर्शाया। महेंद्र कडेसरा ने संचालन करते हुए मुनि श्री निरंजन सागर से आशीर्वचन का निवेदन किया। मुनिश्री ने क्षमा की वर्तमान समय मे उपयोगिता पर विस्तार से समझाया। अनेकों दृष्टांतो के माध्यम से आपने क्षमा का महत्व प्रतिपादित किया।

गणेश विसर्जन के दौरान दो पक्षों में झड़प

दिल्ली दरवाजे पर हंगामे के बाद थाने का घेराव, 2 पर मामला दर्ज



हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

गणेश प्रतिमा विसर्जन समारोह के दौरान दो पक्षों के बीच हुई तीखी बहस ने हिंसक रूप ले लिया। मारपीट की इस घटना के बाद क्षेत्र में तनाव फैल गया, जिसके विरोध में आक्रोशित लोगों ने पहले दिल्ली दरवाजा चौराहे पर प्रदर्शन किया और बाद में चंदेरी थाने का घेराव कर दिया। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए दो नामजद आरोपियों के खिलाफ आपराधिक मामला दर्ज कर स्थिति पर काबू पा लिया है।

सड़क पर नारेबाजी और चंदेरी थाने का घेराव

घटना से गुस्साए उत्सव समिति के सदस्यों ने दिल्ली दरवाजे पर ही जमकर नारेबाजी और विरोध-प्रदर्शन शुरू कर दिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए चंदेरी थाना प्रभारी प्रशांत यादव और तहसीलदार दिलीप दरोगा पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने कड़ी मशक्कत के बाद भीड़ को सड़क से हटाकर थाने में शिकायत दर्ज कराने की सलाह दी। हालांकि, आक्रोशित लोग हमलावरों की तुरंत गिरफ्तारी की मांग को लेकर एकजुट होकर चंदेरी थाने पहुंच गए और घेराव कर दिया। जब पुलिस कानूनी प्रक्रिया के तहत पहले रिपोर्ट दर्ज करने की बात कहती रही,तो प्रदर्शनकारी थाने के सामने मुख्य मार्ग पर बैठ गए, जिससे यातायात पूरी तरह बाधित हो गया। पुलिस ने संभाला मोर्चा, रात 11 बजे बहाल हुआ यातायात स्थिति को बिगड़ता देख पुलिस प्रशासन ने सख्त रवैया अपनाया और समझाइश के बाद रात करीब 11 बजे प्रदर्शनकारियों को सड़क से हटाकर यातायात सुचारू कराया।

दिल्ली दरवाजे पर डांस को लेकर हुआ विवाद

प्राप्त जानकारी के अनुसार, पसियापुरा कोली समाज की गणेश झांकी विसर्जन के लिए राजघाट बेतवा नदी की ओर जा रही थी। जैसे ही चल समारोह ऐतिहासिक दिल्ली दरवाजा चैराहा के पास पहुंचा,तभी कुछ अन्य समाज के युवक जुलूस में शामिल होकर डांस करने लगे। उत्सव समिति के सदस्यों ने जब इस पर आपत्ति जताई, तो कहासुनी शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद इतना बढ़ गया कि आरोपियों ने समिति के सदस्यों के साथ मारपीट कर दी,जिसमें एक व्यक्ति घायल हो गया जिसे मामूली चोटे आई।



राजघाट पर विसर्जन के बाद पुल के पत्थरों पर पड़ी दिखीं गणेश प्रतिमाएं

चंदेरी। धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी चंदेरी में अनंत चतुर्दशी पर्व पर विघ्नहर्ता भगवान गणेश को अत्यंत श्रद्धा और धूमधाम के साथ विदाई दी गई। नगर के विभिन्न चौक-चौराहों, गलियों और मोहल्लों में स्थापित गजानन महाराज की प्रतिमाओं को गाजे-बाजे के साथ बेतवा नदी के राजघाट पर विसर्जित किया गया। हालांकि, विसर्जन के अगले ही दिन नदी के तट से सामने आई तस्वीरों ने श्रद्धालुओं और धर्मशास्त्र में आस्था रखने वाले लोगों को झकझोर कर रख दिया। अनंत चतुर्दशी के अगले दिन बेतवा नदी के राजघाट पुल से सटे पत्थरों पर भगवान गणेश की कई विशालकाय प्रतिमाएं जलमग्न होने के बजाय जस की तस पड़ी हुई दिखाई दीं। हिंदू रीति-रिवाज और धार्मिक मान्यताओं के अनुसार विसर्जन के उपरांत प्रतिमा का जलधारा में पूर्णतः विलीन हो जाना या मिट्टी में गल जाना अनिवार्य माना जाता है। परंतु राजघाट पुल के पास पत्थरों पर क्षत-विक्षत स्थिति में लेटी हुई प्रतिमाओं को देखकर तट पर पहुंचने वाले हर व्यक्ति की आंखें नम हो गईं।

राजस्थान में फंसे ग्राम सहसूदी के 6 मजदूरों की सुरक्षित रिहाई, घर लौटे

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



स्थानीय जनप्रतिनिधि के माध्यम से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम सहसूदी के 6 मजदूर राजस्थान के नीमकाथाना, जिला सीकर में बंधक बनाकर मजदूरी कराए जाने की स्थिति में फंसे हुए हैं। सूचना की गंभीरता एवं मानवीय संवेदनशीलता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक अशोकनगर राजीव कुमार मिश्रा द्वारा मजदूरों की सुरक्षित रिहाई एवं सकुशल गृह वापसी हेतु तत्काल आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

एसपी के निर्देश पर थाना प्रभारी ईसागढ़ उपनिरीक्षक मनीष सिंह गुर्जर के नेतृत्व में पुलिस टीम राजस्थान रवाना की गई। अशोकनगर पुलिस टीम द्वारा नीमका थाना क्षेत्र में पहुंचकर नीमकाथाना कोतवाली पुलिस के साथ प्रभावी अंतरराज्यीय समन्वय स्थापित किया गया। संयुक्त प्रयासों से ग्राम सहसूदी निवासी परमानंद आदिवासी, उमेश आदिवासी, जयसिंह आदिवासी, सुनील आदिवासी, निकिता आदिवासी एवं भगवत आदिवासी को सुरक्षित रूप से मुक्त कराया गया तथा अशोकनगर लाकर उनके परिजनों को सकुशल सुपुर्द किया गया। मजदूरों की सकुशल घर वापसी से लंबे समय से चिंतित परिजनों को राहत मिली और उनके चेहरों पर खुशी लौट आई। यह कार्रवाई पुलिस की त्वरित, संवेदनशील एवं मानवीय पुलिसिंग तथा अंतरराज्यीय समन्वय की प्रभावी मिसाल है।

कलेक्टर ने प्राथमिक स्कूल इमझेरा का किया निरीक्षण



अशोकनगर। कलेक्टर साकेत मालवीय ने शासकीय प्राथमिक विद्यालय इमझेरा देवगढ़ निरीक्षण किया। उन्होंने स्कूल की कक्षा में पहुंचकर बच्चों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने बच्चों से निशुल्क किताबे उपलब्धता के बारे में जानकारी ली। बच्चों से मीनू अनुसार मिलने वाले मध्यान्ह भोजन के बारे में जानकारी ली। उन्होंने बच्चों से राष्ट्रीय गीत, राष्ट्रगान सहित अन्य गतिविधियों के बारे में जानकारी ली। उन्होंने स्कूल परिसर में बने क्षतिग्रस्त पुराने स्कूल भवन को गिराये जाने के निर्देश अधिकारियों को दिए। कलेक्टर साकेत मालवीय ने ग्राम झमझेरा में संचालित गौशाला का निरीक्षण किया। उन्होंने गौशाला संचालन एवं गौवंश की जानकारी ली। उन्होंने गोवंश को गुड एवं घास खिलाया। इस दौरान गौशाला परिसर में एक पेड मां के नाम के तहत वृक्षारोपण किया गया। भ्रमण के दौरान नवीन सामुदायिक भवन का भी निरीक्षण किया तथा आवश्यक निर्देश दिए।

न्यायिक अधिकारियों व कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर

जिला न्यायालय के न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों के लिए विशेष स्वास्थ्य परीक्षण शिविर आयोजित किया गया। उक्त शिविर का आयोजन एडीआर सेंटर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अशोकनगर में किया गया। शिविर में न्यायिक अधिकारियों एवं न्यायालयीन कर्मचारियों का विभिन्न आवश्यक स्वास्थ्य परीक्षण किए गए तथा प्राप्त स्वास्थ्य जांच रिपोर्टों का चिकित्सकों द्वारा विस्तृत परीक्षण एवं अवलोकन किया गया। शिविर में सिविल सर्जन डॉ. बीएल टैगोर, डॉ. मनीष चौरसिया एवं डॉ. राजेश कुमार सहित चिकित्सा दल द्वारा उपस्थित न्यायिक अधिकारियों एवं कर्मचारियों को उनकी स्वास्थ्य जांच रिपोर्ट के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रदान की गई। जिन अधिकारियों एवं कर्मचारियों की स्वास्थ्य रिपोर्ट में किसी प्रकार की स्वास्थ्य संबंधी समस्या अथवा बीमारी के संकेत पाए गए, उन्हें उनकी जांच रिपोर्ट एवं चिकित्सकीय स्थिति के आधार पर आवश्यक दवाइयां लिखी गईं तथा दवाइयों के सेवन की विधि एवं आवश्यक सावधानियों के संबंध में जानकारी दी गई।

इसके साथ ही चिकित्सकों द्वारा संबंधित व्यक्तियों को उनकी स्वास्थ्य रिपोर्ट के आधार पर आगे के उपचार, आवश्यक पुनः जांच, विशेषज्ञ चिकित्सक से परामर्श तथा स्वास्थ्य संबंधी आवश्यक सावधानियों के संबंध में उचित चिकित्सकीय परामर्श प्रदान किया गया। चिकित्सकों द्वारा स्वस्थ जीवनशैली, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, संतुलित आहार एवं समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श लेते रहने के संबंध में भी आवश्यक सुझाव दिए गए। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के माध्यम से 31 लोगों को लाभान्वित किया गया।

केंद्रों पर आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



शासन के निर्देशानुसार सेवा संकल्प अभियान 2026 अंतर्गत आंगनबाड़ी मिलन सेवा कार्यक्रम जिले की समस्त आंगनबाड़ी केंद्रों पर जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। इस दौरान आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका को उनकी सेवाओं के लिए सम्मानित किया। जन सहयोग से आंगनबाड़ी केंद्रों पर फल और मिठाई का वितरण किया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिकाओं ने ग्रामीण महिलाओं के सहयोग से अपने आंगनबाड़ी केंद्रों पर विशेष सफाई और सजावट की। आंगनबाड़ी केंद्रो बंदनवार सजाए। जिससे केंद्र पर आने वाले हितग्राहियों के माता-पिता और ग्रामीण जनों का स्वागत किया जा सके। कार्यक्रम की शुरुआत एक पौधारोपण के साथ की गई। आंगनबाड़ी केन्द्र पर उपस्थितजनों को मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव एवं महिला एवं बाल विकास विभाग मंत्री निर्मला भूरिया का वीडियो संदेश भी सुनाया गया। आंगनबाड़ी केन्द्रों पर हितग्राही बच्चों को विशेष भोजन दिया गया।

आंगनबाड़ी कार्यकर्ता पर्यवेक्षकों ने बच्चों को विभिन्न प्रकार की खेल की गतिविधियां करवाते हुए चेयर रेस, दौड़ आदि करवाई गई। बच्चों ने गीत कविता अपने माता-पिता के सामने सुनाये, जिससे बच्चों की प्रतिभा से माता-पिता एक और जहां प्रभावित हुए वहीं आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और सहायिका के परिश्रम के प्रति भी उनके मन में सम्मान का भाव जागृत हुआ। हितग्राही के परिवार जनों ने आंगनबाड़ी कार्यकर्ता व सहायिका का माला पहनाकर सम्मान किया। तूमैन में भाजपा प्रदेश मंत्री विभा श्रीवास्तव व स्थानीय सरपंच उपस्थित रहे। जिन्होंने पर्यवेक्षक का भी सम्मान किया। विभाग की इस गतिविधि से ग्राम स्तर पर आंगनबाड़ी केंद्रों की पहुंच घर-घर तक पहुंची। वहीं आंगनबाड़ी कार्यकर्ता सहायिका व आशा कार्यकर्ता को भी उनकी सेवाओं के लिए ग्राम स्तर पर सम्मानित किया गया।

ग्राम इमझेरा में मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान शिविर का किया आयोजन

शिविर में 353 आवेदन आए, 156 का मौके पर किया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ अशोकनगर



ग्राम पंचायत कुलवार के ग्राम इमझेरा में आयोजित मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर में विभिन्न समस्यामूलक 353 आवेदन प्राप्त हुए। प्राप्त आवेदनों में से 156 आवेदनों का निराकरण मौके पर ही किया गया। शेष 196 आवेदनों पर समय सीमा निर्धारित कर निराकरण हेतु संबंधित विभागों को प्रेषित किए गए। शिविर में वन मण्डलाधिकारी प्रतिभा अहिरवार,मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, अपर कलेक्टर डी एन सिंह, सांसद प्रतिनिधि हरीसिंह रघुवंशी,रंजीत सिंह यादव, शिवेन्द्र सिंह यादव, एसडीएम ईसागढ़ त्रिलोचन गौड सहित जनप्रतिनिधिण एवं बडी संख्या में ग्रामीणजन उपस्थित रहे। शिविर में कलेक्टर साकेत मालवीय ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास शिविर के माध्यम से आम जनता की शिकायतों का त्वरित निराकरण कर शासकीय योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन की मॉनीटरिंग और लोक सेवाओं का समय-सीमा में प्रदाय राज्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान अंतर्गत ईसागढ़ ब्लॉक अंतर्गत इस सप्ताह लोक सेवा गारंटी के तहत चिन्हित सेवाओं के 2163 आवेदन का निराकरण किया जाकर ईसागढ़ ब्लॉक मध्यप्रदेश में प्रथम स्थान पर रहा। साथ ही सीएम हेल्पलाइन की साप्ताहिक प्रगति 4358 शिकायतों में से 3644 शिकायतों का निराकरण किया जा चुका है। शेष शिकायतों के निराकरण हेतु कार्यवाही प्रचलित है। उन्होंने कहा कि स्वामित्व अधिकार अभिलेख निष्पादन एवं पंजीयन-2026 के तहत ग्रामीण आबादी को उनका अधिकार मिलेगा। योजना के तहत पात्र हितग्राहियों को रजिस्ट्री के दस्तावेज निरूशुल्क प्रदाय किये जायेगे।

शिविर में वनमण्डलाधिकारी प्रतिभा अहिरवार ने कहा कि जल, जंगल,जमीन जिले में अधिक मात्रा में है। जिससे जिले में वन विभाग की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।उन्होंने हितग्राहीमूलक योजनाओं के संबंध में जानकारी देते हुए कृषक बांस मिशन,एकलव्य शिक्षा योजना,वन्य प्राणी मुआवजा तथा वंदन केन्द्र पर संचालित गतिविधियां एवं प्रशिक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी। शिविर में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत राजेश जैन, सांसद प्रतिनिनिधि हरीसिंह रघुवंशी, रंजीत सिंह यादव, शिवेन्द्र सिंह यादव, एसडीएम त्रिचैलन गोड द्वारा संबोधित किया गया।

हितग्राहियों को किया हितलाभ का वितरण

शिविर में शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजना के अंतर्गत 52.39 लाख रूपये की राशि का हितग्राहियों को हितलाभ एवं शासकीय सेवाओ का लाभ प्रदान किया गया। शिविर में फौती नामांतरण,बीपीएल कार्ड,पीएम किसान सम्मान निधि, लाड़ली लक्ष्मी योजना, आयुष्मान कार्ड, जन्म प्रमाण प्रमाण,क्रेडिट कार्ड, 03 स्व सहायता समूहों को ऋण राशि, फॉर्मर रजिस्ट्री, मृत्यु प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण प्रमाण, आर्थिक सहायता, ई-लर्निंग लायसेंस, आहार अनुदान स्वीकृति पत्र, पीएम आवास योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र, पेंशन, संबल योजनान्तर्गत आर्थिक, नगर परिषद ईसागढ़ अंतर्गत पीएम स्वनिधि योजना के स्वीकृति पत्र, उद्यम क्रांति योजना अंतर्गत स्वीकृति पत्र, स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा मुख्यमंत्री स्कूटी के तहत मुस्कान लोधी एवं आशी लोधी को स्कूटी प्रदाय की गई। शिविर स्थल पर विभिन्न विभागों द्वारा शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से संबंधित स्टॉल लगाये गये थे। इन स्टॉलों का निरीक्षण कलेक्टर साकेत मालवीय सहित जनप्रतिनिधियों द्वारा किया जाकर विभागीय योजनाओं की जानकारी ली गई।

बड़नगर से निकली बनारसी सेवा यात्रा का पिपरई में किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरई

बड़नगर से निकली बनारसी सेवा यात्रा शनिवार को पिपरई पहुंची। नगर में यात्रा के प्रवेश करते ही विभिन्न स्थानों पर क्षेत्रवासियों एवं नगरवासियों ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इसके बाद यात्रा मंडी प्रांगण पहुंची, जहां सेवा संकल्प अभियान के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। इसके बाद जानकी माता की प्रतिमा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। यात्रा में शामिल संकल्प सदस्यों का माल्यार्पण कर स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत सांस्कृतिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया। बुंदेलखंड की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करते हुए राई नृत्य की प्रस्तुति ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम में मुंगावली विधानसभा क्षेत्र के विभिन्न ग्रामों से पहुंचे अतिथियों, क्षेत्रवासियों एवं नगरवासियों का स्वागत किया गया।आयोजन के दौरान बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे और सेवा संकल्प यात्रा के उद्देश्यों से जुड़कर कार्यक्रम में सहभागिता की।

मिलावट और लापरवाही के अंदेशा का बड़ा खुलासा

श्री राधा गोल्ड आटा पैकेट में रेंगती मिली इल्लियां, एक्सपायरी डेट में भी फर्जीवाड़ा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ब्यावरा

इंसान की सेहत के साथ खिलवाड़ और ग्राहकों को चूना लगाने का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। श्री राधा गोल्ड चक्की फ्रेश आटा अभिषेक ट्रेडर्स के पैकेट से रेंगते हुए जिंदा कीड़े और इल्लियां निकलने से हड़कंप मच गया।एक्सपायरी डेट में भी फर्जीवाड़ा कर लोगों की जान से सरेआम खिलवाड़ करने का मामला सामने आया है। निर्माण एंजेसी द्वारा दो पैसो के लालच में आकर लोगों को शुद्ध की बोलकर जहर परोसा जा रहा है।



थाली में परोसी जा रही थी बीमारी

मामला मलावर स्थित श्री श्यामबाबा किराना स्टोर का है। जहा गुरुवार को अशोक वर्मा ने उक्त दुकान से 10 किलोग्राम का श्री राधा गोल्ड आटे का पैकेट खरीदा था। शुक्रवार सुबह जब घर में बच्चों के टिफिन और खाने के लिए पैकेट खोला गया तो ऊपर ही जिंदा इल्लियां बिलबिलाती नजर आईं। हद तो तब हो गई जब आटे को चलनी से छाना गया अंदर से एक के बाद एक जिंदा इल्लियां निकलती चली गईं।इसी तरह आज सुबह ही राहुल वर्मा ने भी उसी दुकान से 10 किलो का आटा पैकेट खरीदा जिसके अंदर भी जिंदा कीड़े और इल्लियां रेंगती पाई गईं। गनीमत रही कि परिजनों की नजर समय रहते पड़ गई वरना मासूम बच्चों और परिवार की सेहत के साथ बड़ा हादसा हो सकता था।

आटा के पैकेट पर एक्सपायरी डेट में भी भारी फर्जीवाड़ा

लापरवाही सिर्फ कीड़ों तक सीमित नहीं है आटा के पैकेट पर जब एक्सपायरी डेट देखी गई तो होश उड़ गए। पैकेट पर किसी मशीन की मुहर के बजाय हाथ से और पेन से एक्सपायरी डेट 24.08.2026 लिखी हुई पाई गई। यह साफ तौर पर दर्शाता है कि बिना किसी मानक जांच और नियमों की धज्जियां उड़ाते हुए पुराना या खराब आटा खुलेआम बाजार में खपाया जा रहा है। ग्राहकों में भारी आक्रोश पीड़ित ग्राहकों ने इस पूरी धांधली और पैकेट से निकलती जिंदा इल्लियों का वीडियो बना लिया।अशोक वर्मा और राहुल वर्मा ने इस घटिया और जानलेवा आटे की बिक्री पर सख्त नाराजगी जताई है।

प्रशासन की चुप्पी पर सवाल

कंपनी और दुकानदार चंद पैसों के मुनाफे के लिए जनता की जान जोखिम में डाल रहे हैं।खाद्य सुरक्षा विभाग से तुरंत इस मामले का संज्ञान लेने श्री श्याम बाबा किराना स्टोर के स्टॉक की जांच करने और अभिषेक ट्रेडर्स श्री राधा गोल्ड के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई करने की मांग की है।अब देखना यह होगा कि इस खुलेआम जारी जहर-बिक्री पर प्रशासन चाबुक चलाता है या मामला ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है।

इनका कहना है

ग्राहक से बोल दीजिए कि दुकान से जाकर दूसरा पैकेट ले लेंगे काफी दिन पुराना हो गया होगा या ठंडा मौसम भी है इसलिए इल्लियां पड़ गई होगी। हमारे पेड की स्याही खत्म हो गई है इसलिए पेन से एक्सपायरी डेट लिख रहे।

अभिषेक साहू,
प्रोपा. अभिषेक ट्रेडर्स आटा मिल ब्यावरा।

हमने 8 दिन पहले ही श्री राधा गोल्ड चक्की फ्रेश आटा अभिषेक ट्रेडर्स के मिल ब्यावरा से आटा के पैकेट मंगवाए थे एक्सपायरी डेट भी वही से लिखी आती है।

श्री श्याम किराना स्टोर मलावर।

आपसे जानकारी प्राप्त हुई है उक्त मिल की जांच कर ठोस कार्यवाही की जाएगी।

एस.एस. खत्री, खाद्य अधिकारी राजगढ़

हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई

11 केवी बिजली लाइन से टकराई मिक्सर लिफ्ट मशीन, करंट से दो मजदूरों की मौत, पांच घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुरावर





समपीस्थ ग्राम पंचायत पीलूखेड़ी में पंचायत भवन वाले रोड पर चल रहे आरसीसी रोड निर्माण कार्य के दौरान शनिवार दोपहर करीब 2.45 बजे बड़ा हादसा हो गया। निर्माण कार्य में लगी मिक्सर लिफ्ट मशीन के 11 केवी बिजली लाइन से टकराने के बाद करंट फैल गया, जिसकी चपेट में आने से दो मजदूरों की मौत हो गई, जबकि पांच अन्य घायल हो गए। घायलों में दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत द्वारा पंचायत भवन वाले रोड पर सीसी रोड का निर्माण कराया जा रहा था। इसी दौरान निर्माण कार्य में उपयोग की जा रही मिक्सर लिफ्ट मशीन ऊपर से गुजर रही 11 केवी बिजली लाइन से संपर्क में आ गई। मशीन के बिजली लाइन से टकराते ही आसपास काम कर रहे मजदूर करंट की चपेट में आ गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

ठेकेदार के खुद चपेट आने से मौत

हादसे में अपनी देख रेख में काम करवा रहे ठेकेदार सलमान पिता इब्राहिम निवासी साहूखेड़ी और शहजाद निवासी पीपलखेड़ा करंट की चपेट में आने से मौत हो गई है। वहीं घायलों में अरमान, दानिश, उस्मान और जमील निवासी मेंगलदीप तथा इकबाल निवासी साहूखेड़ी शामिल बताए जा रहे हैं। घायलों को उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया, जहां शहजाद और सलमान को गंभीर हालत में बताया गया था।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचा प्रशासनिक अमला

घटना की सूचना मिलते ही नरसिंहगढ एसडीओपी रामस्नेह चैहान , जितेन्द्र सिंह मवई कुरावर थाना पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारी मौके पर पहुंचे। तहसीलदार सुनीता सिंह सहित अधिकारियों ने घटनास्थल का निरीक्षण कर हादसे की जानकारी ली। पुलिस ने घटना के संबंध में आवश्यक कार्रवाई शुरू कर दी है।हादसे के बाद निर्माण स्थल पर सुरक्षा व्यवस्था और 11 केवी बिजली लाइन के आसपास किए जा रहे कार्य को लेकर भी जांच की जा रही है। प्रशासन द्वारा घटना के कारणों एवं निर्माण कार्य के दौरान अपनाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था की जानकारी जुटाई जा रही है। घटना के बाद पीलूखेड़ी सहित आसपास के क्षेत्र में शोक का माहौल है।

रंजिश को लेकर धारदार हथियार से हमला, सरपंच सहित चार घायल



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

समीपस्थ ग्राम पंचायत पड़ाना में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। इस घटना में ग्राम पंचायत पड़ाना सरपंच गोकुल प्रसाद दुगरिया सहित चार लोगों के घायल होने की बात सामने आई है।

पुलिस में दर्ज शिकायत के अनुसार 25 सितंबर की रात करीब 9.50 बजे फरियादी पक्ष के लोग खेत की ओर से लौट रहे थे। इसी दौरान रास्ते में पुरानी रंजिश को लेकर विवाद हो गया। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गोकुल प्रसाद दुगरिया सहित अन्य लोगों पर आरोपियों ने विवाद के दौरान धारदार हथियार से हमला कर दिया। घटना में गोविंद सेन, अनिल सेन पिता कालूराम सेन सहित चार लोगों के घायल होने पर उपचार के लिए अस्पताल पहुंचाया गया। पुलिस ने शिकायत के आधार पर प्रकरण दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस विवाद के कारणों, घटना में शामिल लोगों और हमले में इस्तेमाल किए गए हथियार सहित अन्य पहलुओं की जांच कर रही है। मामले में दोनों पक्षों के बीच पुरानी रंजिश की बात भी सामने आई है।

सीएम हेल्पलाइन के निराकरण पर वन टू वन चर्चा पीएम श्री स्कूल में 6 शिक्षक, प्राचार्य अनुपस्थित मिले

मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत भैंसवा माता में लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान के तहत शनिवार को ग्राम भैंसवा माता में शिविर आयोजित किया गया। शिविर में राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, सांसद रोडमल नागर,कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी, एसडीएम जय सोलंकी, एसडीओपी अरविंद सिंह सहित जनप्रतिनिधि एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी मौजूद रहे। शिविर में ग्रामीणों की समस्याएं एवं शिकायतें सुनी गईं तथा शासन की योजनाओं की जानकारी दी गई। शिविर के दौरान सीएम हेल्पलाइन के प्रकरणों के निराकरण को लेकर सभी विभागीय अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा की गई। अधिकारियों को लंबित शिकायतों का प्राथमिकता से निराकरण करने तथा पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ समय पर दिलाने के निर्देश दिए गए। सारंगपुर ब्लॉक में सीएम हेल्पलाइन के कुल 1053 प्रकरणों में से 535 प्रकरण लंबित बताए गए। शिविर में राजस्व, पंचायत एवं ग्रामीण विकास, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला एवं बाल विकास, कृषि, ऊर्जा, पुलिस सहित विभिन्न विभागों के अमले ने योजनाओं एवं सेवाओं की जानकारी दी। ग्रामीणों ने भी अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। राज्य मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री जन विश्वास अभियान का उद्देश्य शासन और आमजन के बीच सीधा संवाद स्थापित कर लोगों की समस्याओं का समाधान करना है। उन्होंने अधिकारियों से प्राप्त आवेदनों पर गंभीरता से कार्रवाई करते हुए शिकायतों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

पीएमश्री स्कूल में अनुउपस्थित षिक्षकों को दिए नोटिस

वहीं शिविर से पहले कलेक्टर डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा ने संडावता स्थित पीएम श्री स्कूल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्कूल में छह शिक्षक एवं प्राचार्य अनुपस्थित पाए गए। इस पर कलेक्टर ने नाराजगी जताते हुए संबंधितों को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय की शैक्षणिक एवं व्यवस्थागत स्थिति का जायजा लेते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

स्वास्थ्य केंद्र में 12 प्रकार की दवाइयां मिलीं

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने भैंसवा माता स्थित स्वास्थ्य विभाग के केंद्र का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में केवल 12 प्रकार की दवाइयां उपलब्ध मिलीं। दवाइयों की उपलब्धता को लेकर कलेक्टर ने नाराजगी जताई। मामले में ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर की एक वेतन वृद्धि रोकने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने स्वास्थ्य केंद्र में आवश्यक दवाइयों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

कुछ संचालक लैब बंद कर भागे

पैथोलॉजी लैबों पर स्वास्थ्य विभाग की छापेमारी, तीन को किया सील



हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर

नगर में संचालित पैथोलॉजी लैबों की जांच को लेकर शनिवार को स्वास्थ्य विभाग की टीम ने छापामार कार्रवाई की। कलेक्टर एवं जिला स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन में राजगढ़ से पहुंची स्वास्थ्य विभाग की टीम ने नगर की विभिन्न पैथोलॉजी लैबों का निरीक्षण किया। कार्रवाई के दौरान डॉ. जलालुद्दीन खान, ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर डॉ. केएल भीलवाड़े सहित स्वास्थ्य विभाग का अमला मौजूद रहा। सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस टीम भी कार्रवाई के दौरान साथ रही। स्वास्थ्य विभाग की टीम ने लोटस पैथोलॉजी, पूजा पैथोलॉजी सहित कुल तीन पैथोलॉजी लैबों पर जांच की। अधिकारियों द्वारा लैब संचालन से संबंधित आवश्यक दस्तावेज, पंजीयन एवं अन्य रिकॉर्ड प्रस्तुत करने को कहा गया। जांच के दौरान आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध नहीं होने पर विभागीय टीम ने तीनों पैथोलॉजी लैब को सील करने की कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार स्वास्थ्य विभाग की टीम के नगर में पहुंचने की सूचना मिलते ही कुछ अन्य पैथोलॉजी संचालकों ने अपनी लैब बंद कर दी और मौके से चले गए। इसके चलते कुछ लैबों की जांच नहीं हो सकी।

न्यायालयीन आदेश के पालन की मांग को लेकर पशु चिकित्सकों ने सौंपा ज्ञापन



सारंगपुर। मध्यप्रदेश उच्च न्यायालय द्वारा पशु चिकित्सकों के हित में दिए गए महत्वपूर्ण निर्णय के पालन की मांग को लेकर शनिवार को पशुपालन विभाग के पशु चिकित्सकों ने एकजुट होकर राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) तकनीकी शिक्षा, कौशल विकास एवं रोजगार डॉ. गौतम टेटवाल को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया गया कि उच्च न्यायालय ने अपने आदेश में मेडिकल एवं डेंटल अधिकारियों की तरह वेटरनरी अधिकारियों को भी समान वेतनमान एवं अन्य लाभ प्रदान करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही 5, 10, 15 एवं 30 वर्ष की सेवा पूर्ण होने पर देय समयमान वेतनमान का लाभ भी अन्य चिकित्सा संवर्ग के समान पशु चिकित्सकों को दिए जाने की मांग रखी गई। पशु चिकित्सकों के प्रतिनिधि के रूप में डॉ. अमित शाक्या (पशु चिकित्सा अधिकारी, सारंगपुर), डॉ. विनोद यादव (पशु चिकित्सा अधिकारी, राजगढ़) एवं डॉ. रामवरण (पशु चिकित्सा अधिकारी, खुजनेर) ने ज्ञापन सौंपा।पशु चिकित्सकों ने मांग की कि न्यायालयीन आदेश का शीघ्र पालन कर लंबे समय से लंबित वेतन विसंगति का निराकरण किया जाए।

खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो में चयन, राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे जिले के 11 खिलाड़ी



राजगढ़। खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो के तहत जिले के 11 प्रतिभावान खिलाड़ियों का चयन राज्य स्तरीय शालेय जूडो प्रतियोगिता-2026 के लिए हुआ है। राज्य स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 5 से 8 अक्टूबर तक जबलपुर में किया जाएगा। प्रतियोगिता में राजगढ़ जिले के खिलाड़ी जूडो खेल में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता में सम्मिलित होने जा रहे बच्चों में साक्षी गुप्ता, मैना सौंधिया, भाविका गौर, सुमित प्रजापति, रविंद्र प्रजापति, ज्योतिराज प्रजापति, हरिओम प्रजापति, कुश वजार, मनीष जाटव, पुष्पेंद्र भदौरिया एवं धिशांत प्रजापति शामिल हैं। खिलाड़ियों के चयन से खेलो इंडिया लघु केंद्र जूडो राजगढ़-ब्यावरा में उत्साह का माहौल है। खिलाड़ियों ने प्रतियोगिता के लिए नियमित अभ्यास एवं प्रशिक्षण के माध्यम से अपनी तैयारियां पूरी की हैं। जिला स्तर पर खेल प्रेमियों एवं नागरिकों ने खिलाड़ियों को राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी हैं।

मेरे सपनों का भारत थीम पर बच्चों ने कैनवास पर उकेरी मन की कल्पना

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़



सेवा संकल्प अभियान के अंतर्गत शनिवार को मेरे सपनो का भारत विषय पर जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन उत्कृष्ट विद्यालय राजगढ़ में आयोजित किया गया। इस अवसर पर विकासखंड स्तर से चयनित चित्रकला का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर लगभग 100 से भी अधिक प्रतिभागितयों ने प्रतियोगिता में हिस्सा लेकर विषय से संबंधित थीम पर अपनी कल्पनाओं को कैनवास पर उकेरा। प्रतियोगिता में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय जीरापुर की रितु कुशवाह ने प्रथम, एमएस अकादमी जीरापुर के अतुल राव ने द्वितीय एवं मानस स्कूल ब्यावरा की गिरिजा सौंधिया ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। कार्यक्रम में मुख्य अथिति के रूप में सांसद रोडमल नागर, भाजपा युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष केपी पंवार, नगर पालिका अध्यक्ष विनोद साहू, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि फूलसिंह तंवर, मण्डल अध्यक्ष सचिन मौर्य, भाजपा पूर्व जिलाध्यक्ष दिलबर यादव, गजराज सिंह चैहान, शैलेश गुप्ता, मनोज हाडा, मोहन गुप्ता सहित अन्य उपस्थित रहे। जिला शिक्षाधिकारी सावन पाटीदार ने कार्यक्रम के संबंध में अपने उद्धगार व्यक्त किए। संचालन मुकेश पिपलोटिया ने किया एवं आभार बीआरसी दीपक चैधरी ने माना।

कलेक्टर ने पीएमश्री विद्यालय संडावता का किया निरीक्षण



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

कलेक्टर डॉ. मिश्रा ने शनिवार को पीएमश्री विद्यालय संडावता का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय में शिक्षकों एवं विद्यार्थियों की संख्या, शैक्षणिक गतिविधियों तथा अध्ययन-अध्यापन की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने शिक्षकों एवं विद्यार्थियों से वन-टू-वन संवाद कर पढ़ाई की प्रगति, विद्यालय में उपलब्ध शैक्षणिक सुविधाओं एवं विद्यार्थियों की आवश्यकताओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। मुख्यमंत्री जन-विश्वास अभियान का उद्देश्य शासकीय सेवाओं की प्रभावी पहुंच सुनिश्चित करने, लंबित प्रकरणों के त्वरित निराकरण तथा आमजन को बेहतर सेवाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ शैक्षणिक व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करना है। कलेक्टर डॉ. मिश्रा द्वारा किए गए निरीक्षण के दौरान संबंधित अधिकारियों को व्यवस्थाओं में आवश्यक सुधार एवं आमजन की समस्याओं के समयबद्ध निराकरण के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

उक्त स्कूल के साथ ही डॉ. मिश्रा ने संडावता में नायब तहसीलदार कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने कार्यालय में राजस्व प्रकरणों की स्थिति की समीक्षा करते हुए फौती - नामांतरण, आरसीएमएस सहित विभिन्न राजस्व प्रकरणों की लंबित प्रकरणवार जानकारी ली। उन्होंने अधिकारियों को लंबित प्रकरणों का नियमानुसार समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

बसपा के एक दिवसीय कैडर प्रशिक्षण शिविर में अहिरवार होंगे मुख्य प्रशिक्षक

ब्यावरा। बहुजन समाज पार्टी बसपा के तत्वावधान में संगठन को मजबूती देने और कार्यकर्ताओं को पार्टी की रीति-नीति से अवगत कराने के उद्देश्य से एक दिवसीय विधानसभा स्तरीय कैडर एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन 29 सितंबर को ब्यावरा में किया जा रहा है।यह कार्यक्रम सुबह 11बजे से भोपाल बाईपास स्थित लाओम पैलेस होटल में होगा।प्रशिक्षण शिविर में मुख्य प्रशिक्षक के रूप में बसपा के प्रदेश अध्यक्ष जीयालाल अहिरवार उपस्थित रहेंगे। कार्यकर्ताओं को पार्टी की विचारधारा संगठन के विस्तार और आगामी राजनीतिक रणनीतियों का मार्गदर्शन देंगे।आयोजन समिति एवं ब्यावरा विधानसभा के सभी पदाधिकारियों ने राजगढ़ जिले की ब्यावरा विधानसभा क्षेत्र के सभी सम्मानित कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों और समर्थकों से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर कार्यक्रम को सफल बनाने की अपील की है।

रात 11 बजे से सुबह 6 बजे तक प्रमुख मार्गों पर चल समारोह का रहा हुजूम

अनंत चतुर्दशी के पर सारंगपुर में निकाली आकर्षक झांकियां व अखाड़े

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगपुर



अनंत चतुर्दशी के अवसर पर हिन्दू उत्सव समिति के तत्वावधान में शुक्रवार देर रात भव्य झांकियों एवं अखाड़ों का चल समारोह निकाला गया। रात करीब 11 बजे शुरू हुआ चल समारोह शनिवार सुबह 6 बजे तक नगर के प्रमुख मार्गों से होकर निकला। जगह-जगह नागरिकों और सामाजिक संगठनों ने झांकियों एवं अखाड़ों का स्वागत कर कलाकारों का सम्मान किया। चल समारोह में विभिन्न समितियों द्वारा आकर्षक झांकियां प्रस्तुत की गईं। एकता समिति की ओर से राधा-कृष्ण की झांकी प्रदर्शित की गई। शिव शक्ति अखाड़े के कलाकारों ने हैरतअंगेज करतब दिखाकर दर्शकों को आकर्षित किया। महादेव मित्र मंडल ने भोलेनाथ के शिवलिंग की झांकी, जबकि मुक्ति धाम सेवा समिति ने चक्र तीर्थ अतिम पड़ाव की झांकी प्रस्तुत की। बाबा मित्र मंडल भैरू दरवाजा द्वारा अंग्रेजों के अत्याचार को दर्शाया गया। युवा संकल्प समिति ने महाकाल के रुद्र रूप की झांकी प्रस्तुत की। प्रजापति ब्रह्माकुमारी संस्था की झांकी में गणेशजी के साथ ऋद्धि-सिद्धि का स्वरूप आकर्षण का केंद्र रहा। फूलमाली समाज द्वारा हनुमान अंश एवं निम करौली धाम की झांकी तथा वीर बजरंग अखाड़े में मातृशक्ति द्वारा प्रस्तुत किए गए करतब भी दर्शकों के आकर्षण का केंद्र रहे। चल समारोह गांधी चैक से शुरू होकर सदर बाजार, जामा मस्जिद, रंगेरवाड़ी, बाग कुआं और अस्पताल रोड होते हुए परशुराम चैराहे पर समाप्त हुआ। हिन्दू उत्सव समिति अध्यक्ष ध्रुव भल्ला,विधायक प्रतिनिधि पृथ्वीराज टेटवाल,वैभव पुष्पद,अशोक साहू,महेश पाटीदार,जितेंद्र सोलंकी,सतीश राठौर,सहित सदस्यों ने सभी झांकियों एवं अखाड़ों के कलाकारों को साफा पहनाकर, सम्मान पत्र एवं शील्ड देकर सम्मानित किया। विभिन्न सामाजिक मंचों से भी स्वागत-सम्मान किया गया। इस दौरान एसडीएम जय सोलंकी, एडिशनल एसपी केएल बंजारे, एसडीओपी अरविंद सिंह, तहसीलदार कपिल शर्मा सहित प्रशासनिक अमला मौजूद रहा।